Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 26-07-2005

Participants : Gudhe Shri Anantrao

>

Title: Need to ban production of B.T. cotton and compensate farmers affected due to sowing of this crop.

श्री अनंत गुढ़े (अमरावती) : अध्यक्ष महोदय, जैसा कि सदन को ज्ञात है कि सरकार ने पिछले दो सालों से बी.टी. कॉटन बोने की अनुमति प्रदान की है। पिछले दो सालों से किसान इसे बो रहा है, किंतु इसके नतीजे निराशाजनक हैं। इस साल की फसल से तो किसानों की लगातार शिकायतें आ रही हैं। बी.टी. कॉटन के बीज में काफी हद तक अप्रमाणित बीज शामिल होने की वजह से किसान, जो कि कर्जा लेकर, बड़ी आस लगातार अपनी फसल उगाने के लिए जीतोड़ मेहनत करते हैं। उनके हाथ बरबादी के अलावा कुछ नहीं आता।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस बी.टी. कॉटन के उपयोग को तुरंत बंद करवाया जाये तथा एक जांच कमेटी का इस संबंध में गठन करके, जिन किसानों का इसके प्रयोग से नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा दिया जाये।